**CLASS : 12th** (Sr. Secondary) **Code No. 3610**

**Series : SS/Annual Exam.-2026**

*Roll No.* | | | | | | | | | | |

***SET : A***

# लेखाशास्त्र

# ACCOUNTANCY

[ Hindi and English Medium ]

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear/Improvement/Additional Candidates)

*Time allowed :* ***3*** *hours ]* *[ Maximum Marks :* ***60***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ* ***24*** *तथा प्रश्न* ***38 (22 + 8 + 8)*** *हैं।*

  *Please make sure that the printed pages in this question paper are* ***24*** *in number and it contains* ***38 (22 + 8 + 8)*** *questions.*

- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये* ***कोड नम्बर*** *तथा* ***सेट*** *को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*

  *The* ***Code No.*** *and* ***Set*** *on the right side of the question paper should be written by the candidate on the front page of the answer-book.*

- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*

  *Before beginning to answer a question, its Serial Number must be written.*

- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*

  *Don't leave blank page/pages in your answer-book.*

- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*

  *Except answer-book, no extra sheet will be given. Write to the point and do not strike the written answer.*



www.mseducationtv.com

- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।*
  *Candidates must write their Roll No. on the question paper. Except Roll No. do not write anything on question paper and don't make any mark on answers of objective type questions.*
- *कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है,* ***परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***
  *Before answering the questions, ensure that you have been supplied the correct and complete question paper,* ***no claim in this regard, will be entertained after examination.***

---

*सामान्य निर्देश :*

(i) यह प्रश्न-पत्र **तीन** भागों में विभाजित है :

**भाग – अ :** साझेदारी फर्मों और कंपनियों के लिए लेखांकन।

**भाग – ब :** वित्तीय विवरणों का विश्लेषण।

**भाग – स :** कम्प्यूटरीकृत लेखांकन।

(ii) **भाग – अ अनिवार्य** है। परीक्षार्थी अपनी इच्छा से **भाग – ब** तथा **भाग – स** में से कोई **एक** भाग हल करें।

(iii) **सभी** प्रश्न हल करने हैं।

(iv) प्रश्न संख्या **1** से **10** तथा **23** से **27** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।

(v) प्रश्न संख्या **11** से **15** तथा **28** अतिलघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

(vi) प्रश्न संख्या **16** से **20** तथा **29** लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है।

(vii) प्रश्न संख्या **21**, **22** तथा **30** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।

(viii) कुछ प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प उपलब्ध हैं। ऐसे प्रश्नों में से आपको **केवल एक** ही प्रश्न करना है।

***General Instructions :***

(i) *This question paper is divided into* ***three*** *Parts :*

***Part – A :*** *Accounting for Partnership Firms & Companies.*



www.mseducationtv.com

***Part – B :*** *Analysis of Financial Statements.*

***Part – C :*** *Computerized Accounting.*

*(ii)* ***Part – A is compulsory****. Candidates have to attempt any* ***one*** *part from* ***Part – B*** *and* ***Part – C*** *of their choice.*

*(iii)* ***All*** *questions are to be attempted.*

*(iv) Question Nos.* **1** *to* **10** *and* **23** *to* **27** *are objective type questions. Each question carries* 1 *mark.*

*(v) Question Nos.* **11** *to* **15** *and* **28** *are very short answer type questions. Each question carries* 2 *marks.*

*(vi) Question Nos.* **16** *to* **20** *and* **29** *are short answer type questions. Each question carries* 3 *marks.*

*(vii) Question Nos.* **21**, **22** *and* **30** *are long answer type questions. Each question carries 5 marks.*

*(viii) An internal choice is available in some questions. You have to attempt* ***only one*** *of the given choice in such questions.*

## भाग – अ

## PART – A

[ M. M. : 45

**(साझेदारी फर्मों और कंपनियों के लिए लेखांकन)**

**(Accounting for Partnership Firms & Companies)**

**1.** 'A' और 'B' लाभ और हानि को 3 : 1 के अनुपात में बाँटते हैं। 'C' को साझेदारी में 1/4 हिस्से के लिए लिया गया है। 'A' और 'B' का बलिदान (त्याग) अनुपात क्या होगा ? 1

(A) समान (B) 3 : 1

(C) 2 : 1 (D) 3 : 2

'A' and 'B' share profits and losses in the ratio of 3 : 1, 'C' is admitted into partnership for 1/4 share. The sacrifice ratio of 'A' and 'B' is :

(A) Equal (B) 3 : 1

(C) 2 : 1 (D) 3 : 2



www.mseducationtv.com

**2.** अपहरण किए गए अंशों के पुनः निर्गमन पर होने वाले लाभ किसमें स्थानांतरित किया जाता है ? 1

(A) सामान्य संचय (B) पूँजी शोधन संचय

(C) पूँजी संचय (D) आय संचय

The Profit on reissue of forfeited shares is transferred to :

(A) General Reserve (B) Capital Redemption Reserve

(C) Capital Reserve (D) Revenue Reserve

**3.** जब कोई साझेदार फर्म की कोई संपत्ति लेता है, तो उसके खाते को ........... किया जाता है। 1

If a partner takes over an asset, such (Partner's Capital Account) is ............ .

**4.** ख्याति को प्रभावित करने वाले कोई ***दो*** कारकों के नाम बताइए। 1

Name any ***two*** factors that affect Goodwill of the firm.

**5.** फर्म के समापन पर भुगतान किए गए अलिखित दायित्व को दिखाया जाता है : 1

(A) वसूली खाते के डेबिट में

(B) बैंक खाते के डेबिट में

(C) वसूली खाते के क्रेडिट में

(D) बैंक खाते के क्रेडिट में

Unrecorded Liabilities when taken over by a partner are shown in :

(A) Debit of Realisation Account

(B) Debit of Bank Account

(C) Credit of Realisation Account

(D) Credit of Bank Account



www.mseducationtv.com

**6.** नये साझेदार के प्रवेश पर संपत्ति में बढ़ोत्तरी को क्रेडिट किया जाता है : 1

(A) पुनर्मूल्यांकन खाते में (B) संपत्ति खाते में

(C) पुराने साझेदारों के पूँजी खाते में (D) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

On the admission of a New Partner increase in the value of Asset is credited to :

(A) Revaluation Account

(B) Assets Account

(C) Old Partners' Capital Account

(D) None of the above

**7.** प्रतिभूति अधिमूल्य की राशि के कोई ***दो*** उपयोग बताइए। 1

State any ***two*** uses of Securities Premium.

**8.** दिए गए कथनों : ***अभिकथन (A)*** तथा ***कारण (R)*** के आधार पर ***सही*** विकल्प का चयन करें :

**अभिकथन (A) :** जब किसी साझेदार की मृत्यु होती है, तो साझेदारी समाप्त हो जाती है।

**कारण (R) :** साझेदार की मृत्यु से फर्म का व्यवसाय स्वतः समाप्त हो जाता है।

*विकल्प :* 1

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, परन्तु कारण (R) असत्य है।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, परन्तु कारण (R) सत्य है।



www.mseducationtv.com

On the basis of given Statements : ***Assertion (A)*** & ***Reason (R)***, choose the ***correct*** option :

**Assertion (A) :** When a partner dies, the partnership is dissolved.

**Reason (R) :** Death of a partner automatically ends the business of the firm.

***Options :***

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**9.** दिए गए कथनों : ***अभिकथन (A)*** तथा ***कारण (R)*** के आधार पर ***सही*** विकल्प का चयन करें :

**अभिकथन (A) :** कंपनी दीर्घकालीन निधि एकत्र करने के लिए ऋणपत्र जारी करती है।

**कारण (R) :** ऋणपत्र कंपनी में स्वामित्व अधिकार दर्शाते हैं।

***विकल्प :*** 1

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, परन्तु कारण (R) असत्य है।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, परन्तु कारण (R) सत्य है।

On the basis of given Statements : ***Assertion (A)*** & ***Reason (R)***, choose the ***correct*** option :

**Assertion (A) :** Debentures are issued by a company to raise long term funds.

**Reason (R) :** Debentures represent ownership interest in the company.

***Options :***

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.



www.mseducationtv.com

**10.** निम्न के संदर्भ में, त्याग अनुपात और लाभ प्राप्ति अनुपात में अंतर बताइए : 1

(a) साझेदारों के लाभ के हिस्से पर असर

(b) गणना का समय

Distinguish between Gaining Ratio and Sacrificing Ratio in terms of :

(a) Effect on partners' share of profit

(b) When to calculate

**11.** निम्न दशाओं में ऋणपत्रों के निर्गमन के समय X Ltd. की पुस्तकों में प्रविष्टि कीजिए : 2

120, 8% ऋणपत्र प्रत्येक ₹ 1,000 का 5% कटौती पर निर्गमित किए गए, जिनका शोधन सममूल्य पर किया जाएगा।

Journalise the following transaction related to issue of Debentures in the books of X Ltd.

120, 8% Debentures of ₹ 1,000 each are issued at 5% discount and repayable at par.

**अथवा**

**OR**

निम्नलिखित की व्याख्या कीजिए : 2

(a) सुरक्षित (Secured) ऋणपत्र

(b) परिवर्तनशील (Convertible) ऋणपत्र

Describe the following :

(a) Secured Debentures

(b) Convertible Debentures



www.mseducationtv.com

**12.** 'A', 'B' और 'C' लाभों को $\frac{2}{6}, \frac{1}{2}$ और $\frac{1}{6}$ के अनुपात में बाँटते हुए साझेदार थे। 'A' ने अवकाश ग्रहण किया तथा अपने हिस्से के $\frac{2}{3}$ भाग का 'B' के पक्ष में तथा शेष भाग 'C' के पक्ष में त्याग किया। नए अनुपात और लाभ-प्राप्ति अनुपात की गणना कीजिए।। 2

'A', 'B' and 'C' are partners sharing profits in the ratio of $\frac{2}{6}, \frac{1}{2}$ and $\frac{1}{6}$. 'A' retires and surrenders $\frac{2}{3}$ of his share in favour of B and remaining in favour of C. Calculate New Ratio and Gaining Ratio.

**13.** एक फर्म का औसत लाभ ₹ 70,000 है, इसमें ₹ 5,000 का एक असामान्य लाभ शामिल है। व्यवसाय में विनियोजित पूँजी ₹ 5,50,000 है तथा लाभ की सामान्य दर 10% है। अधिलाभ के चार गुना के बराबर ख्याति की गणना कीजिए। 2

A firm's average profit are ₹ 70,000, it includes an abnormal profit of ₹ 5,000. Capital invested in the business is ₹ 5,50,000 and the normal rate of return is 10%. Calculate Goodwill at four times the super profit.

**14.** साझेदारी संलेख के अभाव में, निम्नलिखित से संबंधित नियम बताइए : 2

(a) लाभ-हानि का हिस्सा

(b) साझेदारों की पूँजी पर ब्याज

(c) साझेदारों के आहरण पर ब्याज

(d) साझेदारों के ऋण पर ब्याज

In the absence of Partnership Deed, specify the rules relating to the following :

(a) Sharing of Profits and Losses

(b) Interest on Partners' Capital

(c) Interest on Partners' Drawing

(d) Interest on Partners' Loan



www.mseducationtv.com

**15.** 'B' एक फर्म में साझेदार है। उसने 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष में निम्न आहरण किये : 2

| | | ₹ |
|---|---|---|
| 1 अप्रैल, 2025 | : | 5,000 |
| 31 अगस्त, 2025 | : | 6,000 |
| 31 अक्टूबर, 2025 | : | 4,000 |
| 1 फरवरी, 2025 | : | 2,000 |
| 31 मार्च, 2025 | : | 3,000 |

15% वार्षिक दर से आहरण पर 31 मार्च, 2025 तक कितना ब्याज चार्ज किया जाएगा ?

'B' is a partner in a firm. He withdrew the following amounts during the year :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| 1st April, 2025 | : | 5,000 |
| 31st August, 2025 | : | 6,000 |
| 31st October, 2025 | : | 4,000 |
| 1st February, 2025 | : | 2,000 |
| 31st March, 2025 | : | 3,000 |

Calculate interest on Drawings @ 15% p.a. for the year ended on 31st March, 2025.

**अथवा**

**OR**

साझेदारी के पुनर्गठन की दशाएँ लिखिए। 2

Write down the conditions for Reconstitution of Partnership.

**16.** 'R' लिमिटेड ने 'S' लिमिटेड से ₹ 5,60,000 मूल्य की सम्पत्तियाँ व ₹ 80,000 के लेनदार लिए। 'R' लि० ने 'S' लि० को 8% ऋणपत्र ₹ 20 वाले 20% प्रीमियम पर क्रय मूल्य के रूप में निर्गमित किए।

उपरोक्त सूचनाओं से क्रय मूल्य की राशि तथा 'R' लि० द्वारा निर्गमित किए ऋणपत्रों की संख्या निकालें व 'R' लि० की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। 3



www.mseducationtv.com

'R' Ltd. took over Assets of ₹ 5,60,000 and creditors of ₹ 80,000 from 'S' Ltd. 'R' Ltd. issued 8% Debentures of ₹ 20 each at a premium of 20% as purchase consideration of 'S' Ltd.

Calculate the amount of purchase consideration, number of Debentures issued by 'R' Ltd. and pass the necessary Journal Entries.

**17.** रवि लिमिटेड ने ₹ 10 वाले 800 अंशों का आहरण किया जिन पर ₹ 7.50 प्राप्त हो चुके हैं, परन्तु अंतिम याचना के ₹ 2.50 प्रति अंश प्राप्त नहीं हुए। इनमें से 600 अंशों का पूर्ण चुकता मानते हुए, इस प्रकार पुनः निर्गमन किया गया कि ₹ 2,100 पूँजी संचय में हस्तांतरित किए गए। आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। 3

Ravi Ltd. forfeited 800 shares of ₹ 10 each, ₹ 7.50 paid, for non-payment of final call of ₹ 2.50 per share. Out of these, 600 shares were re-issued as fully paid-up in such a way that ₹ 2,100 were transferred to Capital Reserve. Pass necessary Journal Entries.

**अथवा**

**OR**

(a) ₹ 10 वाले 400 अंश जिन पर ₹ 8 माँगा गया था, और ₹ 6 को दिया गया है, का हरण किया। इनमें से 300 पूर्णदत्त अंश के रूप में ₹ 7 पर पुनर्निर्गमित कर दिए गए। आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए। 1.5

400 shares of ₹ 10 on which ₹ 8 has been called and ₹ 6 has been paid are forfeited. Out of these, 300 shares are re-issued for ₹ 7 as fully paid. Pass necessary Journal Entries.

(b) 'Y' लि० ने ₹ 10 वाले 300 अंशों का अपहरण किया जिन पर ₹ 7 माँगे गए और प्रथम याचना के ₹ 2 प्रति अंश प्राप्त नहीं हुए। इनमें से 125 अंशों को ₹ 6 पर पुनः निर्गमित किया गया। आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए। 1.5

'Y' Ltd. forfeited 300 shares of ₹ 10 each, ₹ 7 called up, for non-payment of first call of ₹ 2 per share. Out of these, 125 shares were immediately re-issued at ₹ 6 per share. Pass necessary Journal Entries.



www.mseducationtv.com

**18.** 1 अप्रैल, 2025 को 'A' और 'B' ने क्रमशः ₹ 10,00,000 और ₹ 6,00,000 की पूँजी लगाकर साझेदारी आरम्भ की। वे लाभ-हानि को 2 : 1 के अनुपात में बाँटने को सहमत हुए। साझेदारी के सम्बंध में निम्न सूचना दी गई है : 3

(i) 'A' को ₹ 10,000 मासिक वेतन दिए गए।

(ii) 'B' को विक्रय पर 2% कमीशन दिया जाएगा। वर्ष के विक्रय ₹ 40,00,000 थे।

(iii) साझेदारों को पूँजी पर 6% वार्षिक ब्याज देना है।

(iv) 'A' के आहरण पर ₹ 3,600 तथा 'B' के आहरण पर ₹ 2,400 ब्याज के चार्ज करने हैं।

उपरोक्त समायोजन करने से पूर्व 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ ₹ 4,40,000 था। लाभ-हानि नियोजन खाता तैयार कीजिए।

On 1st April, 2025, 'A' and 'B' entered into partnership contributing capital of ₹ 10,00,000 and ₹ 6,00,000 respectively. They agreed to share profits and losses in the ratio of 2 : 1. The following information is provided regarding the partnership :

(i) 'A' is allowed a salary of ₹ 10,000 per month.

(ii) 'B' is to be allowed a commission of 2% on sales. Sales for the year were ₹ 40,00,000.

(iii) Interest is to be allowed on capitals @ 6% p.a.

(iv) Interest is to be charged ₹ 3,600 on A's drawings and ₹ 2,400 on B's drawings.

The profit for the year ended 31st March, 2025 before making appropriations was ₹ 4,40,000. Prepare Profit and Loss Appropriation Account.



www.mseducationtv.com

**19.** साझेदार की मृत्यु की दशा में उसके हिस्से के लाभ की गणना करने की विभिन्न विधियों को समझाइए। 3

Explain the various methods of computing the share of profits in the event of death of a partner.

**20.** निम्नलिखित लेन-देन को जर्नलाइज करें : 1.5 + 1.5 = 3

(i) वसूली व्यय का भुगतान ₹ 6,500।

(ii) अनुभा (एक साझेदार) को समापन प्रक्रिया देखने के लिए ₹ 12,000 वेतन दिया गया। उसने वसूली व्यय देने के लिए सहमति दी। ₹ 9,500 वसूली व्यय का भुगतान फर्म द्वारा किया गया।

Journalise the following transactions :

(i) Dissolution expenses amounted to ₹ 6,500.

(ii) Anubha (a partner) was to look after the dissolution process for which she was allowed a remuneration of ₹ 12,000. She also agreed to bear dissolution expenses. Actual expenses ₹ 9,500 were paid by the firm.

**अथवा**

**OR**

निम्नलिखित लेन-देन को जर्नलाइज करें : 1.5 + 1.5 = 3

(i) वसूली व्यय का भुगतान ₹ 7,800 अनुभा (साझेदार) द्वारा किया गया।

(ii) विभा (साझेदार) को वसूली प्रक्रिया देखने के लिए ₹ 12,000 वेतन दिया।

Journalise the following transactions :

(i) Dissolution expenses ₹ 7,800 were paid by Anubha (a partner).

(ii) Vibha (a partner) was appointed to look after the dissolution process for which she was given a remuneration of ₹ 12,000.



www.mseducationtv.com

**21.** आशीष, सुरेश और लोकेश जो लाभों को 5 : 3 : 2 के अनुपात में बाँटते हैं, का 31 मार्च, 2025 को स्थिति विवरण निम्नलिखित है :

**तुलन-पत्र**

| दायित्व | धनराशि (₹) | सम्पत्ति | धनराशि (₹) |
|---|---|---|---|
| पूँजी : | | भूमि | 4,00,000 |
| आशीष : 7,20,000 | | भवन | 3,80,000 |
| सुरेश : 4,15,000 | | संयंत्र और मशीनरी | 4,65,000 |
| लोकेश : 3,45,000 | 14,80,000 | फर्नीचर और फिटिंग | 77,000 |
| रिजर्व फण्ड | 1,80,000 | स्टॉक | 1,85,000 |
| लेनदार | 1,24,000 | देनदार | 1,72,000 |
| अदत्त व्यय | 16,000 | हाथ में नकद | 1,21,000 |
| | **18,00,000** | | **18,00,000** |

30 जून, 2025 को सुरेश सेवा-निवृत्त हुए और उस समय निम्नलिखित समायोजन हुए :

(i) स्टॉक का मूल्य ₹ 1,72,000 था।

(ii) फर्नीचर और फिटिंग का मूल्य ₹ 80,000 था।

(iii) सेवानिवृत्ति की तिथि तक सुरेश का लाभ में हिस्सा पिछले साल के विक्रय पर निकलेगा जोकि ₹ 2,00,000 है।

(iv) श्री दीपक, एक देनदार की देय राशि ₹ 10,000 संदिग्ध थी और उसके लिए प्रावधान की आवश्यकता है।

(v) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 2,00,000 है।

(vi) सुरेश को सेवानिवृत्ति पर ₹ 40,000 दिए गए और बकाया राशि उनके ऋण खाते में डाल दी गई।

(vii) भविष्य में आशीष और लोकेश का लाभ-हानि अनुपात 3 : 2 होगा।

पुनर्मूल्यांकन खाता, पूँजी खाता और नई फर्म का स्थिति विवरण बनाइए। 5



www.mseducationtv.com

The Balance Sheet of Ashish, Suresh and Lokesh who were sharing Profits in the ratio of 5 : 3 : 2 is given below as on March 31, 2025 :

**Balance Sheet**

| Liabilities | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| Capitals : | | Land | 4,00,000 |
| Ashish : 7,20,000 | | Building | 3,80,000 |
| Suresh : 4,15,000 | | Plant & Machinery | 4,65,000 |
| Lokesh : 3,45,000 | 14,80,000 | Furniture & Fittings | 77,000 |
| Reserve Fund | 1,80,000 | Stock | 1,85,000 |
| Sundry Creditors | 1,24,000 | Sundry Debtors | 1,72,000 |
| Outstanding Expenses | 16,000 | Cash in Hand | 1,21,000 |
| | **18,00,000** | | **18,00,000** |

Suresh retires on June 30, 2025 and the following adjustments are agreed upon his retirement :

(i) Stock was valued at ₹ 1,72,000.

(ii) Furniture and fittings were valued at ₹ 80,000.

(iii) Profit share of Suresh till the date of his retirement is to be calculated on the basis of last year firm's profit which is ₹ 2,00,000.

(iv) An amount of ₹ 10,000 due from Mr. Deepak a debtor, was doubtful and a provision for the same was required.

(v) Goodwill of the firm was valued at ₹ 2,00,000.

(vi) Suresh was paid ₹ 40,000 immediately on retirement and the balance transferred to his loan account.

(vii) Ashish and Lokesh were to share future profits in the ratio of 3 : 2.

Prepare Revaluation Account, Capital Account and Balance Sheet of the newly constituted firm.



www.mseducationtv.com

**अथवा**

**OR**

नए साझेदार के प्रवेश के समय आप ख्याति का लेखांकन किस प्रकार करेंगे, जब : 2.5 + 2.5 = 5

(a) नया साझेदार अपने हिस्से की ख्याति नकद में लाता है ?

(b) नया साझेदार अपने हिस्से की ख्याति नकद में नहीं लाता है ?

How will you deal with the Goodwill when :

(a) New partner brings his share of goodwill in cash ?

(b) New partner doesn't bring his share of goodwill in cash ?

**22.** 'X' लिमिटेड कं० का एक प्रविवरण प्रकाशित किया गया जिसमें ₹ 10 वाले 2,00,000 अंशों को ₹ 2 प्रति अंश प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन-पत्रों की माँग की गई। भुगतान इस प्रकार देय था :
आवेदन पर ₹ 3, आबंटन पर ₹ 4 (प्रीमियम की राशि सहित), प्रथम याचना पर ₹ 3 तथा द्वितीय याचना पर ₹ 2।

3,00,000 अंशों के लिए प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए तथा समान अनुपात में आबंटन किया गया। आवेदन-पत्रों के साथ जो अधिक राशि प्राप्त हुई उसको आबंटन की देय राशि में प्रयोग किया गया।

'R', जिसके पास 400 अंश थे आबंटन की राशि देने में असमर्थ रहा और जब वह प्रथम याचना का भी भुगतान नहीं कर सका, तो उसके अंशों का अपहरण कर लिया गया। 'M', जिसके पास 600 अंश थे दोनों याचनाएँ देने में असमर्थ रहा और द्वितीय याचना के बाद उसके अंशों का अपहरण कर लिया गया। जो अंश हरण किए गए थे उनमें से 800 अंश 'K' को बेचे गए। 'K' ने ₹ 9 प्रति अंश के हिसाब से भुगतान किया और अंश पूर्णदत्त मान लिए गए। पुनः निर्गमित अंशों में 'R' के सब अंश शामिल थे।

जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। 5



www.mseducationtv.com

'X' Ltd. Company issued a prospectus inviting applications for 2,00,000 shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 2 per share payable as follows :

Application : ₹ 3
Allotment : ₹ 4 (including premium)
First Call : ₹ 3
Second Call : ₹ 2

Applications were received for 3,00,000 shares and allotment was made on pro-rata basis. Money overpaid on applications was employed on amount of sums due on allotment.

'R', to whom 400 shares were allotted failed to pay the allotment money and on his subsequent failure to pay the first call his shares were forfeited. 'M', the holder of 600 shares failed to pay the 2 calls and his shares were forfeited after second call. Of the shares forfeited, 800 shares were sold to 'K' as fully paid, 'K' paying ₹ 9 per share, the whole of R's share being included.

Give necessary Journal Entries.

**अथवा**

**OR**

अंशों के हरण सम्बन्धी प्रविष्टियाँ दीजिए यदि उनका निर्गमन : 5

(i) सममूल्य,

(ii) प्रीमियम पर किया गया हो।

Write Journal Entries of share forfeiture when the shares have been issued :

(i) At Par,

(ii) At Premium.



www.mseducationtv.com

## भाग – ब

## PART – B

[ M. M. : 15

## ( वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

## (Analysis of Financial Statements)

**23.** एक कंपनी का त्वरित अनुपात 1.8 : 1 है। तरल संपत्तियाँ ₹ 5,40,000 हैं तथा इन्वेंटरी ₹ 1,50,000 है। इसका वर्तमान अनुपात होगा : 1

(A) 2 : 1 (B) 2.3 : 1

(C) 1.8 : 1 (D) 1.3 : 1

A Company's Quick Ratio is 1.8 : 1. Liquid Assets are ₹ 5,40,000 and Inventory is ₹ 1,50,000. Its current ratio will be :

(A) 2 : 1 (B) 2.3 : 1

(C) 1.8 : 1 (D) 1.3 : 1

**24.** रोकड़ प्रवाह विवरण ............... वित्तीय नियोजन के लिए बनाया जाता है। 1

Cash Flow Statement is prepared for Financial Planning of ............... .

**25.** दिए गए कथनों : ***अभिकथन (A)*** तथा ***कारण (R)*** के आधार पर ***सही*** विकल्प का चयन करें :

**अभिकथन (A) :** उच्च ऋण-इक्विटी अनुपात अधिक वित्तीय जोखिम को दर्शाता है।

**कारण (R) :** इसका अर्थ है कि कंपनी मुख्यतः शेयरधारकों की पूँजी से वित्तपोषित है।

*विकल्प :* 1

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है।



www.mseducationtv.com

On the basis of given Statements : ***Assertion (A)*** & ***Reason (R)***, choose the ***correct*** option :

**Assertion (A) :** A high Debt-Equity ratio indicates a higher financial risk.

**Reason (R) :** It means the company is mainly financed through shareholder's funds.

***Options :***

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**26.** कम्पनी के स्थिति विवरण में 'छोटे औजार' को किस शीर्षक के अन्तर्गत दिखाया जाता है ? 1

(A) चालू सम्पत्तियाँ (B) चालू दायित्व

(C) गैर-चालू सम्पत्तियाँ (D) गैर-चालू दायित्व

In the Balance Sheet of a Company 'Loose Tools' is shown under which of the following Head ?

(A) Current Assets (B) Current Liabilities

(C) Non-current Assets (D) Non-current Liabilities

**27.** वित्तीय विश्लेषण का अर्थ डेटा को ............... बनाना है। 1

Financial Analysis simply means ................ data.



www.mseducationtv.com

**28.** निम्नलिखित मदों को कम्पनी के स्थिति विवरण में कहाँ लिखा जाता है ? 2

(i) कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर

(ii) प्राप्य बिल

(iii) विनियोगों पर अर्जित ब्याज

(iv) अदत्त याचनाएँ

Under what heads the following are shown in Balance Sheet ?

(i) Computer Software

(ii) Bills Receivable

(iii) Interest Accrued on Investments

(iv) Calls in Arrears

**29.** एक कम्पनी का चालू अनुपात 2 : 1 है। कारण सहित स्पष्ट कीजिए कि निम्न लेन-देनों से यह अनुपात बढ़ेगा, घटेगा या इसमें कोई परिवर्तन नहीं होगा ? 3

(a) चालू दायित्व का भुगतान

(b) माल का उधार क्रय

(c) कम्प्यूटर का नकद विक्रय

The current ratio of a Company is 2 : 1. State giving reasons which of the following transactions would improve, reduce and not change the current ratio ?

(a) Payment of Current Liability

(b) Purchase of Goods on Credit

(c) Sale of a Computer for Cash



www.mseducationtv.com

**30.** निम्न आँकड़ों से संचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए : 5

| विवरण | 31-03-2025 (₹) | 31-03-2024 (₹) |
|---|---|---|
| लाभ-हानि विवरण में शेष | 19,000 | 30,000 |
| व्यापारिक के प्राप्य का शेष | 27,000 | 30,000 |
| ह्रास हेतु आयोजन | 24,000 | 20,000 |
| अदत्त मजदूरी | 3,000 | 4,000 |
| पूर्वदत्त बीमा | 1,200 | 1,000 |
| अमूर्त सम्पत्ति | 15,000 | 20,000 |
| संदिग्ध ऋणों हेतु आयोजन | 4,000 | 3,000 |
| बैंक अधिविकर्ष | 12,000 | 8,000 |

From the following figures, calculate the Flow of Cash from Operating Activities :

| **Particulars** | **31-03-2025 (₹)** | **31-03-2024 (₹)** |
|---|---|---|
| Balance of Statement of P & L | 19,000 | 30,000 |
| Balance of Trade Receivable | 27,000 | 30,000 |
| Provision for Depreciation | 24,000 | 20,000 |
| Outstanding Wages | 3,000 | 4,000 |
| Prepaid Insurance | 1,200 | 1,000 |
| Intangible Assets | 15,000 | 20,000 |
| Provision for Doubtful Debts | 4,000 | 3,000 |
| Bank Overdraft | 12,000 | 8,000 |



www.mseducationtv.com

**अथवा**

**OR**

रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करने के क्या उद्देश्य हैं ? (कोई ***पाँच*** ) 5

What are the purposes of preparing a Cash Flow Statement ? (Any ***five*** )

## भाग – स

## PART – C [ M. M. : 15

## (कम्प्यूटरीकृत लेखांकन)

## (Computerized Accounting)

**23.** एक्सेल में, चार्ट टूल फॉर्मेटिंग के लिए तीन अलग-अलग विकल्प ..........., ............ और .......... प्रदान करते हैं। 1

(A) अभिन्यास, स्वरूप और आँकड़े तैयार करना

(B) रचना, अभिन्यास, स्वरूप

(C) स्वरूप, अभिन्यास, लेबल

(D) रचना, आँकड़े तैयार करना, अभिन्यास

In Excel, the chart tools provide ***three*** different options ............., ............. and ............. for formatting.

(A) Layout, Format, Data Maker

(B) Design, Layout, Format

(C) Format, Layout, Label

(D) Design, Data Maker, Layout



www.mseducationtv.com

**24.** SQL का पूर्ण रूप ................... है। 1

The full form of SQL is ................... .

**25.** .............. स्तर बताता है कि डेटा कौन-से डेटाबेस से संग्रहित है और उनके बीच क्या सम्बन्ध है। 1

The ................. level tells in which database the data is stored in and what is the relationship between them.

**26.** कौन-सा चिन्ह पहले सेल और आखिरी सेल के व्याख्यान को अलग दिखाता है ? 1

(A) कॉमा

(B) सेमी-कोलन

(C) विराम

(D) कोलन

Which symbol differentiates the interpretation of the first cell and last cell ?

(A) Comma

(B) Semi-colon

(C) Stop

(D) Colon



www.mseducationtv.com

**27.** दिए गए कथनों : ***अभिकथन (A)*** तथा ***कारण (R)*** के आधार पर ***सही*** विकल्प का चयन करें :

**अभिकथन (A) :** संगणकीकृत लेखांकन प्रणाली में एक बार डाले गए आँकड़ों को बदला नहीं जा सकता।

**कारण (R) :** संगणकीकृत लेखांकन पूर्ण डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करता है और सभी प्रकार की त्रुटियों को रोकता है।

*विकल्प :* 1

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है।

(D) अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों असत्य है।

On the basis of given Statements : ***Assertion (A)*** & ***Reason (R)***, choose the ***correct*** option :

**Assertion (A) :** Data once entered in a computerized accounting system cannot be altered.

**Reason (R) :** Computerized accounting ensures full data security and prevents all types of errors.

***Option :***

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Both Assertion (A) and Reason (R) are false.



www.mseducationtv.com

**28.** स्प्रेडशीट के किन्हीं ***दो*** कार्यों का वर्णन कीजिए। 2

Explain any ***two*** functions of Spreadsheet.

**अथवा**

**OR**

एमएस-एक्सेस के किन्हीं ***दो*** घटकों का वर्णन कीजिए। 2

Explain any ***two*** components of MS-Access.

**29.** कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली की कोई ***तीन*** विशेषताएँ बताइए। 3

State any ***three*** features of Computerised Accounting System.

**30.** सम्पूर्ण एवं सापेक्ष पतों के महत्त्व समझाइए। एक्सेल शीट/स्प्रेडशीट पर प्रदर्शित सम्पूर्ण और सापेक्ष पतों के उदाहरण भी दीजिए। 5

Explain the importance of absolute and relative addresses. Also, give the example of absolute and relative addresses as they appear in Excel Sheet/Spreadsheet.

**अथवा**

**OR**

एक्सेल शीट/स्प्रेडशीट में पेरोल गणना में प्रयुक्त तत्त्वों की व्याख्या करें। 5

Explain the elements used in Payroll Calculations in an Excel Sheet/Spreadsheet.



www.mseducationtv.com